कार्यालय प्राचार्य
शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय,रायपुर (छ.ग.)

वेब साइट :– www.gnscr.ac.in ई.मेलः– principal.npgcsr@gmail.com

क्रमांकः /2601/2024 रायपुर, दिनांक 26.06.24

//महत्वपूर्ण सूचना//

(राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अंतर्गत बी.एस–सी./बी.सी.ए. प्रथम सेमेस्टर मे प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों हेतु आवश्यक निर्देश)

छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर का आदेश कमांक एफ 3–32/2019/38–1 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 15.03.2024 के द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों मे शैक्षणिक सत्र 2024–25 से लागू किया जा रहा है।

उक्त के परिपेक्ष्य मे कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय ब्लाक–3 द्वितीय एवं तृतीय मंजिल इन्द्रावती भवन नवा रायपुर अटल नगर के पत्र क्र. 527/187/आउशि/गु.प्र./2024, नवा रायपुर दिनांक 07/06/2024 के द्वारा महाविद्यालय मे शैक्षणिक सत्र 2024–25 मे स्नातक स्तर के पाठ्यक्रम बी.एस–सी./बी.सी.ए. मे प्रथम सेमेस्टर मे प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) लागू होगी।

उक्त पत्रों के परिपालन मे शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय, रायपुर मे **बी.एस–सी. एवं बी.सी.ए. प्रथम सेमेस्टर** मे प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों हेतु निम्नानुसार निर्देश जारी किए जाते है–

1. बी.एस–सी./बी.सी.ए. प्रथम सेमेस्टर मे समस्त प्रवेशित विद्यार्थियों को चार प्रकार के कोर्स का अध्ययन अनिवार्य रूप से करने होंगे।

   a. 03 Discipline Specific Course (DSC)
   b. 01 Generic Elective Course (GEC)
   c. 01 Ability Enhancement Course (AEC)
   d. 01 Value Addition Course (VAC)

2. DSC तीन विषयों का समूह होगा जिसमे छात्र/छात्राएँ प्रवेश लेंगे, जैसे– PCM, PMCS, CBZ, CZD इत्यादि।
3. GEC अंन्तर्गत छात्र/छात्राएँ महाविद्यालय मे उपलब्ध उस विषय का चयन करेंगे जो कि प्रवेशित संकाय/समूह से भिन्न होंगे। प्रत्येक संकाय के लिए GEC के पूल का निर्धारण विश्वविद्यालय द्वारा किया गया है। विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार इस पूल मे से एक विषय का चयन करना होगा।
4. AEC अंतर्गत छात्र/छात्राएँ विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार अंग्रेजी भाषा/हिन्दी भाषा का अध्ययन करेंगे।
5. VAC अन्तर्गत छात्र/छात्राएँ विषय का चयन विश्वविद्यालय द्वारा आबंटित सूची/पूल से करेंगे।
6. प्रवेश प्रकिया समाप्ति के बाद समस्त छात्र/छात्राओं को इंडक्सन कार्यक्रम के माध्यम से NEP-2020 की जानकारी दी जाएगी।
7. इंडक्सन कार्यक्रम मे ही छात्र/छात्राएँ GEC एवं VAC का चुनाव करेंगे।
8. इंडक्सन कार्यक्रम के पहले छात्र/छात्राओ को जानकारी हेतु GEC एवं VAC के पूल महाविद्यालय वेबसाइट एवं What's app group के माध्यम से उपलब्ध करायी जाएगी।
9. इंडक्सन कार्यक्रम की विस्तृत सूचना महाविद्यालय के वेबसाइट पर पृथक से जारी की जाएगी।
10. परीक्षा योजना एवं मूल्यांकन संबंधी जानकारी पृथक से जारी की जाएगी।
11. NEP-2020 से संबंधित अद्यतन जानकारी महाविद्यालय के सूचना पटल/महाविद्यालय के वेबसाइट/What's app group के माध्यम से दी जाएगी। अतः छात्र/छात्राएँ वेबसाइट/सूचना पटल का नियमित अवलोकन करते रहे।

12. बी.एस–सी. / बी.सी.ए. प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर के Course Structure की जानकारी तालिका मे दी गई है–

Sem	DSC	GEC	AEC	VAC/SEC	Credits
I	DSC-A1 (4)* DSC-B1 (4) DSC-C1 (4)	GEC-1 (4) (From the Pool)	AEC-01(4)	VAC-1(2) (From the Pool)	20
II	DSC-A2 (4) DSC-B2 (4) DSC-C2 (4)	GEC-2 (4) (From the Pool)	AEC-02 (2)	SEC-1(2) (From the Pool)	20

* कोष्ठक मे दी गई अंक कोर्स क्रेडिट को प्रदर्शित करता है।

टीपः– बी.एस–सी. / बी.सी.ए. के शेष सेमेस्टर की Course Structure की जानकारी पृथक से उपलब्ध कराई जाएगी।

संयोजक
NEP-2020 क्रियान्वयन प्रकोष्ठ

प्राचार्य
शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय
रायपुर (छ.ग.)

प्रतिलिपिः–
1. समस्त विभागाध्यक्षों को सूचनार्थ।
2. संयोजक एवं सदस्य बी.एस–सी. प्रथम सेमेस्टर प्रवेश समिति को सूचनार्थ।
3. छात्र शाखा को सूचनार्थ।
4. श्री टिकेन्द्र साहू को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
5. नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

प्राचार्य
शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय
रायपुर (छ.ग.)